हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 5 मई 2025

06 अंतर्राष्ट्रीय स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में दिखाएंगे ...



08 शर्मा परिवार ने श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत किया: परमार





### एसडीएम ने अवैध कॉलोनियों में प्लाट-मकान न खरीदने की नागरिकों से की अपील

# कार्रवाई: अवैध तरीके से बनाई जा रही पांच कॉलोनियों पर चला प्रशासन का बुल्डोजर

एसडीएम तन्मय वर्मा ने बताया कि अवैध कॉलोनियों और ऐसे कालोनाईजार के विरूद्ध कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले में अवैध कॉलोनियों पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बिना सक्षम अनुमतियों के अवैध रूप कालोनी का निर्माण करने वाले कालोनाईजर के विरूद्ध कार्यवाही करने के सभी एसडीएम एवं राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

सीहोर एसडीएम तन्मय वर्मा ने बताया कि सीहोर में बिना किसी सक्षम अनुमति के बनाई जा रही 5 अवैध कालोनियों पर कार्रवाई की गई है। आज सीहोर स्थित अवैध अंजनी धाम कॉलोनी, माधव स्टेट एवं अनीता राय, रजनी राठौड़, दिनेश राठौर द्वारा अवैध रूप से बनाई जा रही कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाकर कॉलोनियों में बनाए गए ऑफिस कार्यालय, मार्ग, कॉलोनी के मुख्य गेट, बाउंड्री वॉल एवं अन्य स्ट्रक्चर को नष्ट किया गया। एसडीएम तन्मय वर्मा ने बताया कि अवैध कॉलोनियों एवं ऐसे कालोनाईजार के विरूद्ध कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। आज की यह कार्रवाई नायब तहसीलदार सुश्री चंचल जैन, नगर पालिका की टीम तथा राजस्व अमले द्वारा की गई।

**अवैध कालोनियों में प्लाट-मकान नहीं खरीदने की अपील:** एसडीएम तन्मय वर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि वे सस्ते दर पर प्लाट-मकान के लालच में अवैध कालोनियों में प्लाट या घर न खरीदें। जब भी वे किसी कालोनी में प्लाट या घर खरीदें तो पहले कालानाईजर का वैधानिक रजिस्ट्रेशन तथा उसके द्वारा जो कालोनी विकसित की जा रही है उसकी समस्त शासकीय अनुमतियों की जांच पड़ताल कर लें। अवैध कालोनियों में प्लॉट खरीदकर एवं मकान बनाकर कई बार नागरिकों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## खबर संक्षेप

### गेंहू उपार्जन की अंतिम तिथि आज

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार जिले में गेंहू उपार्जन का कार्य किया जा रहा है, जिसकी अंतिम तिथि 05 मई है। कलेक्टर बालागुरू के. ने उपार्जन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जारी निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के लिए स्लॉट बुकिंग न कराने के कारण स्लॉट बुकिंग की अवधि बढ़ाने की प्रेषित प्रस्ताव के आधार पर स्लॉट बुकिंग एवं गेहूं विक्रय करने से शेष रहे कृषकों को समर्थन मूल्य योजना का लाभ उपलब्ध कराने के लिए स्लॉट बुकिंग की व्यवस्था की गई है। जारी निर्देशानुसार उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत किसानों में से समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय करने के लिए इच्छुक किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग के लिए कलेक्टर कार्यालय खाद्य शाखा में आवेदन प्रस्तुत करना होगा। आवेदन में किसान का नाम, किसान कोड, विक्रय की जाने वाली उपज की मात्रा, उपज विक्रय करने के लिए चयनित उपार्जन केन्द्र का नाम एवं कोड तथा उपज विक्रय की दिनांक (अधिकतम 05 मई 2025 तक) का उल्लेख करना होगा। ई-उपार्जन पोर्टल पर आवेदक कृषक का स्लॉट बुकिंग की सुविधा डीएसओ लॉगिन में उपलब्ध कराई गई है जिसमें डीएसओ द्वारा सीधे किसान का स्लॉट बुकिंग की जा सकेगी। स्लॉट बुकिंग की सूचना किसान को एसएमएस के माध्यम से जिला नियंत्रण कक्ष से तथा उपार्जन केन्द्र प्रभारी द्वारा की जाएगी। स्लॉट बुकिंग करने वाले किसान को उपार्जन केंद्र पर गेहूं का विक्रय दिनांक 05.05 2025 तक करना होगा तथा किसी कारण से किसान की उपज की तौल न हो पाने पर शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार निर्धारित प्रक्रिया के तहत उपज की खरीदी की जा सकेगी।

### खरपतवारनाशक का ज्यादा न करें उपयोग

**सीहोर।** ग्रीष्मकालीन मूंग में खरपतवार नाशकों का अधिक उपयोग करने के दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि जनता में कई गंभीर बीमारियां होने की संभावना रहती है। इसलिए किसानों को ग्रीष्मकालीन मूंग में खरपतवार नाशकों का उपयोग कम करना चाहिए।

## आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया भगवान चित्रगुप्त प्रकटोत्सव



**सीहोर।** इस साल भी अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वाधान में भगवान चित्रगुप्त का प्रकटोत्सव आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर शहर के शुगर फैक्ट्री स्थित मंदिर में हवन पूजन और अभिषेक का आयोजन किया गया था और उसके पश्चात भगवान श्री चित्रगुप्त की पूजा अर्चना की गई।

इस संबंध में जानकारी देते हुए महासभा के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार सक्सेना ने बताया कि भगवान चित्रगुप्त प्रकटोत्सव रविवार को शहर के शुगर फैक्ट्री स्थित मंदिर में मनाया गया था, इस दौरान यहां पर सुबह भगवान का विशेष अभिषेक किया गया, उसके पश्चात शाम को हवन-पूजन किया गया। इस मौके पर शैलेंद्र श्रीवास्तव, महेश श्रीवास्तव, योगेश सक्सेना एचडी सक्सेना आदि अनेक समाजजन उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि कायस्थ समाज के द्वारा प्रकटोत्सव पूरी आस्था के साथ मनाया जाता है। वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को गंगा सप्तमी मनाई जाती है। इसी दिन चित्रगुप्त प्रकटोत्सव पर्व भी मनाया जाता है। चित्रगुप्त जयंती का त्योहार कायस्थ वर्ग में अधिक प्रचलित है। क्योंकि चित्रगुप्त जी को वह अपना ईष्ट देवता मानते हैं। दरअसल भगवान चित्रगुप्त का जन्म ब्रह्मा के अंश से हुआ है। वह यमराज के सहयोगी हैं। जो जीव जगत में मौजूद सभी का लेखा-जोखा रखते हैं। चित्रगुप्त के जन्म की कथा काफी रोचक है। जब यमराज ने अपने सहयोगी की मांग की, तो ब्रह्मा ध्यान में चले गए। उनकी एक हजार वर्ष की तपस्या के बाद एक पुरुष उत्पन्न हुआ। इस पुरुष का जन्म ब्रह्मा जी की काया से हुआ था। इसलिए ये कायस्थ कहलाए और इनका नाम चित्रगुप्त पड़ा। भगवान चित्रगुप्त जी के हाथों में कर्म की किताब, कलम, दवात है। ये कुशल लेखक हैं और इनकी लेखनी से जीवों को उनके कर्मों के अनुसार न्याय मिलता है। कार्तिक शुक्ल द्वितीया तिथि को भगवान चित्रगुप्त की पूजा का विधान है। यमराज और चित्रगुप्त की पूजा एवं उनसे अपने बुरे कर्मों के लिए क्षमा मांगने से नरक का फल भोगना नहीं पड़ता है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में संचालित की जा रही अनेक गतिविधियां




**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार सीहोर जिले मे 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में जल संरक्षण से संबंधित अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए दीवार लेखन, जागरूकता रैली, पोस्टर बैनर, रंगोली, ग्राम सभाएं, कलश यात्राएं, शपथ सहित अनेकों गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। अभियान के तहत जिले के अनेक ग्रामों में कूप मरम्मत, तालाब जीर्णोद्धार, डैम की साफ-सफाई सहित अनेक कार्य किए जा रहे हैं तथा नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई जा रही है। उल्लेखनीय है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित खेत, तालाब, अमृत सरोवर, परकोलेशन टैंक, डगवेल, तालाब जीर्णोद्धार, जनभागीदारी के कार्य, कूप एवं बाउंड्री मरम्मत के कार्य किए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनभागीदारी से जल संरक्षण तथा संवर्धन सुनिश्चित करना है। इस अभियान के अन्तर्गत समाज की भागीदारी तथा और विभिन्न सहयोगी विभागो की समेकित पहल से मुख्यत जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ सफाई एवं जीर्णोद्धार करना है।

### किसानों को किया गया जल संरक्षण के प्रति प्रोत्साहित

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत नापलाखेड़ी द्वारा किसानो को जल गंगा डगवेल एवं खेत तालाब के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई एवं जल संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया गया। किसानों को बताया कि डगवेल विधि द्वारा किस प्रकार जल का संरक्षण किया जा सकता है।

## परशुराम के जयघोष से गूंजा शहर, ब्राह्मण समाज ने निकाला चल समारोह



**सीहोर।** रविवार को भगवान परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान सर्व ब्रह्मण समाज द्वारा चल समारोह निकला। जिसमें विप्र बंधु हाथ में फरसा लेकर भगवान परशुराम के जयघोष लगा रहे थे। जिससे पूरा शहर पराशुराम के जयघोषों से गूंजायमान हो गया। चल समारोह का जगह-जगह सामजिक संगठनों ने स्वागत किया। इस मौके पर सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा, चल समारोह अध्यक्ष मनीष शर्मा आदि शामिल थे।

समाज के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि विप्र समाज ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव उत्साह पूर्वक मनाया। इस अवसर पर समाज द्वारा स्थानीय ब्राह्मण धर्म शाला में सर्व प्रथम सभी उपस्थित जनों ने भगवान परशुराम की प्रीतमा के समक्ष पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद शहर के प्रमुख मार्गों से चल समारोह निकाला गया। जो ब्राह्मण धर्म शाला से प्रारंभ होकर खजांची लाइन, नमक चौराहा, सब्जी मंडी चौराहा, आनंद डेरी चौराहा, भगवान परशुराम चौराहा, मेन मार्केट से होता हुआ गांधी रोड, सीहोर टॉकीज से होता हुआ बाल विहार मैदान पर समापन हुआ। चल समारोह में बैंड बाजों और आर्केस्ट्रा की धुन पर युवा थिरकते हुए चल रहे थे। वहीं भगवान परशुराम की झांकी आकर्षण का केंद्र रही।

कार्यक्रम में सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष पंडित सुदीप व्यास, महिला संगठन अध्यक्ष नीलम शर्मा, चल समारोह के अध्यक्ष मनीष शर्मा, ट्रस्ट अध्यक्ष मनोहर शर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष महेश दुबे, संयोजक चंद्रकिशोर शर्मा, विनय भटेले, युवा संगठन अध्यक्ष रजत व्यास, महामंत्री रमांकान्त समाधिया, महिला संगठन चल समारोह अध्यक्ष प्रतीक्षा शर्मा, युवा महिला संगठन अध्यक्ष बरखा शर्मा, कोषाध्यक्ष सुनील दुबे-रुपेश तिवारी आदि शामिल है।

## आदिगुरु शंकराचार्य की जयंती पर व्याख्यानमाला आयोजित




**सीहोर।** जन अभियान परिषद द्वारा सीहोर स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में आदिगुरु शंकराचार्य की जयंती के अवसर पर व्याख्यानमाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में आदिगुरु शंकराचार्य के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि उन्होंने भारत की चार दिशाओं में चार प्रमुख मठों (मठ) की स्थापना की जो सनातन संस्कृति का केंद्र बिंदु है। आदि गुरु शंकराचार्य का भारतीय दर्शन और संस्कृति पर गहरा प्रभाव है। उनकी शिक्षाएं आज भी लाखों लोगों को प्रेरित करती हैं और अद्वैत वेदांत भारतीय चिंतन का एक अभिन्न अंग बना हुआ है।

इस अवसर पर सभी को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम अरुषेन्द्र शर्मा, जिला समन्वयक पारुल उपाध्याय, विकासखंड समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर सहित अन्य सदस्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## एक सप्ताह में व्यवस्था नहीं सुधरी तो होगा उग्र आंदोलन: पंकज शर्मा



**सीहोर** । भीषण गर्मी के दौर में सीहोर नगर सहित जिले में दिन-रात लगातार हो रही बिजली कटौती से आम जनता परेशान है लेकिन इस मसले पर अब तक विद्युत वितरण कंपनी का रवैया गैर जिम्मेदाराना रहा है और वो लगातार कभी मेंटेनेंस के नाम पर, आंधी-पानी के कारण घोषित रूप से 4 घंटे तक और अघोषित रूप से 6 घंटे तक बिजली कटौती कर रही है तथा ये बिजली कटौती दिन और रात के समय कभी भी हो जाती है । रात के समय बिजली कटौती होने से चोरों के हौसले भी बुलंद हैं और नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं भी काफी बढ़ गई हैं । सीहोर नगर में बिजली की स्थिति बहुत खराब है लेकिन आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में तो स्थिति भयावह है, जहां बिजली केवल नाममात्र के लिए ही आती है और लोग भरी गर्मी में परेशान होने को मजबूर हैं लेकिन बिजली कंपनी के जिम्मेदारों का मनमाना रवैया निरंतर जारी है और वो इस मामले में कुछ भी ठोस कदम उठाने से भी बचते नजर आते हैं तथा शिकायतों का निराकरण तो दूर की बात है, जनता के फोन उठाना तक उचित नहीं समझते और जनता की सुविधा के लिए जो व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है, उसमें भी बिजली कंपनी जिम्मेदार अधिकारी जनता के संदेशों का जवाब देना तक उचित नहीं समझते, जिससे उनकी जनहित के इस महत्वपूर्ण विषय पर गंभीरता को सहज ही समझा जा सकता है तथा ऊपर से भीषण जलसंकट के दौर में जलप्रदाय के समय लाइट काटने से लोगों को गंभीर जल समस्या का सामना करना पड़ता है । बिजली वितरण कंपनी की इस मनमानी को लेकर जिला कांग्रेस के पूर्व महासचिव पंकज शर्मा ने कंपनी और इसके जिम्मेदारों पर निशाना साधा है । उन्होंने कंपनी के जिम्मेदारों को तत्काल घोषित-अघोषित बिजली कटौती बंद करने को कहा है, उन्होंने भीषण गर्मी में आम जनता को परेशान करने वाले रवैए को लेकर बिजली कंपनी की कड़ी आलोचना करते हुए उससे तत्काल अपने रवैए में सुधार करने और विद्युत वितरण की व्यवस्था और विभाग की कार्यप्रणाली में सुधार करने को कहा है । पंकज शर्मा ने कहा है कि यदि एक सप्ताह में बिजली कंपनी ने मेंटेनेंस, आंधी-पानी या किसी भी अन्य कारण से की जा रही घोषित-अघोषित विद्युत कटौती बंद करने सहित अपनी लापरवाह कार्यप्रणाली नहीं सुधारी तो कांग्रेस पार्टी जनहित में उग्र आंदोलन और कंपनी के दफ्तर का घेराव करेगी, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी बिजली कंपनी के जिम्मेदार अधिकारियों की होगी ।

### आगामी तीन दिनों तक मौसम ऐसा ही बना रह सकता है

## 14 डिग्री गिरा तापमान: आंधी और बारिश से राहत, अगले 3 दिन बारिश की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर में रविवार को मौसम ने अचानक करवट ले ली। दिनभर तेज धूप के बाद शाम 5:30 बजे के करीब तेज आंधी और बारिश ने दस्तक दी। सिर्फ डेढ़ घंटे के भीतर तापमान 44 डिग्री से घटकर 30 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। मौसम के इस यू-टर्न से भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को बड़ी राहत मिली।

रविवार दोपहर 4 बजे तक तेज धूप और गर्म हवाएं चल रही थीं, जिससे शहर में लू जैसी स्थिति बन गई थी। लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया था। लेकिन शाम 5:30 बजे अचानक मौसम बदला और तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। मौसम विज्ञान केंद्र, शासकीय कृषि कॉलेज सीहोर के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएस तोमर ने बताया कि वेस्टर्न डिस्टर्बेंस और उच्च तापमान के टकराव के कारण यह बदलाव हुआ। उन्होंने बताया कि आगामी तीन दिनों तक मौसम ऐसा ही बना रह सकता है और बारिश की संभावना भी बनी हुई है।



### बिजली का दुरुपयोग पाए जाने पर होगी कार्रवाई

**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि अब ई-वाहन/ई-रिक्शा आदि की चार्जिंग में विद्युत का दुरुपयोग पाए जाने पर कार्रवाई होगी। कंपनी ने कहा है कि ई-वाहन तथा ई-रिक्शा मालिकों द्वारा उनके वाहनों की चार्जिंग में बिजली का दुरुपयोग किया जाना संज्ञान में आया है। कंपनी ने कहा है कि मैदानी अधिकारियों द्वारा यदि जांच में ऐसा पाया जाता है तो वाहन जप्त कर विद्युत अधिनियम के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### गेहूं उपार्जन के संबंध में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार जिले में गेंहू उपार्जन का कार्य किया जा रहा है, जिसकी अंतिम तिथि 05 मई है। कलेक्टर बालागुरू के. ने समर्थन मूल्य पर गेहू उपार्जन की अंतिम तिथि 05 मई के पश्चात ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत, वैध स्लॉट बुक करने वाले किसानों की उपज की तौल खरीदी करने तथा शेष रहने पर नियमों के अनुसार उपार्जन की कार्यवाही करने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए हैं कि गेहू उपार्जन की अंतिम तिथि 05 मई को केन्द्रवार नियुक्त नोडल अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर गेहू विक्रय करने वाले किसानों की उपज की तौल एवं उसके देयक जारी करें। इसके साथ ही उपार्जन केन्द्रों पर किसान की उपज की तौल एवं देयक जारी न होने पर किसानों को नोडल अधिकारी द्वारा टोकन जारी किए जाएं जिसका विधिवत रिकार्ड रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि गेहू विकय से शेष रहे किसानों की सूचीमय विक्रय योग्य मात्रा की जानकारी नोडल अधिकारी अधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट की खाद्य शाखा में 06 मई तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए। जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा किसानों का विवरण, विकय योग्य मात्रा एवं स्लॉट बुकिंग की वैधता अवधि का परीक्षण ई-उपार्जन पोर्टल पर दर्ज विवरण से किया जाए।

### सड़क पर मवेशी छोड़ने पर होगी कार्रवाई

**सीहोर।** सड़क पर पाये जाने वाले गोवंश को स्थानीय निकाय के कर्मचारियों द्वारा किसी सुदूर गोशाला या गोठान में पहुँचा दिया जायेगा। दुधारू गोवंश को छोड़ने पर पशु मालिक पर आर्थिक रूप से दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। इस अप्रिय स्थिति से बचने के लिए गोपालक अपने मवेशियों को सड़कों पर भटकने से बचाये और शासन-प्रशासन को सहयोग करें। पशुपालकों से अपील की है कि अपने गोवंश को सड़कों पर खुला न छोड़ें। नेशनल और स्टेट हाई-वे सहित ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र की सड़कों पर पालतू पशु भटक रहे हैं।

### शहर से लेकर गांव तक बिजली की आंख मिचौली जारी, आमजन हो रहा परेशान

# बिजली गुल से छूट रहे लोगों के पसीने कटौती की समस्या से लोगों में आक्रोश

पहले से सूचना नहीं मिलने की वजह से वैकल्पिक व्यवस्था भी व्यापारी नहीं कर पाते हैं। तो वही छोटे दुकानदार, व्यापारिया में इस वजह से परेशानी बनी हुई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

शहर में विजली विभाग की मनमानी से शहरवासियों और ग्रामीणों में आक्रोश है। लोगों का कहना है। बिजली का पूरा बिल लेने के बाद बिजली गुल की समस्या खत्म होने का नाम नही ले रही है। बिजली विभाग की मनमानी से जमकर कटौती की जा रही है। मंहगी बिजली बिल देने के बाद भी लोगों को सुविधा नहीं मिल पा रही है। जिससे लोगों में आक्रोश होना जायज है। शहर से लेकर गांव तक एक जैसी स्थिति बनी है। बीते कुछ दिनों से भैरूंदा शहर से लेकर गांव तक बिजली की आंख मिचौली जारी है।

बार-बार तकनीकी समस्या का हवाला देकर अधिकारी कर्मचारीयो द्वारा बिजली बंद कर रहे हैं। सबसे अधिक मार व्यापारी वर्ग झेल रहे हैं। विशेषकर सीजनेबल मार्केट वाले व्यापारी परेशान हैं। स्टाक में रखा आईसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक खराब हो रहा है। पहले से सूचना नहीं मिलने की वजह से वैकल्पिक व्यवस्था भी व्यापारी नहीं कर पाते हैं। तो वही छोटे दुकानदार, व्यापारिया में इस वजह से परेशानी बनी हुई है।




#### भीषण गर्मी में बिजली गुल से लोगों के छूटे रहें पसीने

भैरूंदा शहर हों या गांव बिजली कटौती में गर्मी से लोगों के पसीने छूट रहे हैं। इन दिनों में भीषण गर्मी का कहर जारी है, तो वही तापमान 40डिग्री के पार पहुंच गया है। गर्मी के मारे सुबह 10 बजे से ही लोगों का घरों से निकलना रहना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में दिन हों या रात बिजली कटौती की समस्या खत्म होने का नाम नही ले रही। वहीं बिजली कटौती लोगों की मुसीबत बनी हुई है। घंटों कटौती होने के बावजूद बार-बार बिजली की आंखमिचौली मुंह चिढ़ा रही है। ऐसे में बिजली विभाग की लापारवाही से शहरवासियों में खासा आक्रोश देखने को मिल रहा है।

#### अघोषित बिजली कटौती से लोगों में आक्रोश

रोजना कई घंटों शहर से लेकर गांव की बिजली कटौती से लोगों में आक्रोश है। दिनभर बिजली के आने-जाने का सिलसिला जारी है। भीषण व उमस भरी गर्मी में अघोषित कटौती से लोगों में आक्रोश पनप रहा है। व्यापारियों का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। साथ ही ग्रामीणों क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति न होने से लोग परेशान रहे।

#### गर्मी में वितरण व्यवस्था टेक देती है घुटने

प्रति वर्ष गर्मी में वितरण व्यवस्था घुटने टेक देती है। अधिकारी अच्छी तरह से वाकिफ होते हैं। उसके बाद भी बीच गर्मी में मेंटनेंस के लिए शटडाउन लिया जाता है। लोगों में आक्रोश है कि इसे मार्च से पहले कर लिया जाना था। जहां भी फाल्ट आ रहे हैं, वहां कई बार मेंटनेंस किया जा चुका है। उसके बाद भी इस स्थिति को ठीक नहीं किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में क्षेत्र के कई इलाकों में और शटडाउन लिया जा सकता है।

#### ऑनलाइन कार्यों में आ रही दिक्कत

लाइट आते ही किसी तरह से काम को फिर से गति प्रदान की जाती है लेकिन अचानक फिर से लाइट गुल हो जाती है। बार- बार बिजली का गुल होना समझ से परे है। रात हो या दिन किसी भी वक्त बिजली गुल हो जाती है। एक दिन में अनेक बार बिजली गुल होना आम बात हो गई है।

बिजली की इस आंखमिचौली के कारण छोटे- छोटे बधों को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कब बिजली आएगी और कब कटेगी इसकी कोई समय सारणी ही नहीं है। बिजली की आंखमिचौली ने लोगों का जीना हराम कर दिया है। बावजूद इसके बिजली विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है यह स्थिति गांवों में लगातार बनी हुई है। आनलाइन काम व बिजली नहीं रहने से घर के अनेक काम जैसे मोटर से पानी चढ़ाने से लेकर मोबाइल चार्ज करने तक के सभी काम प्रभावित हो रहे हैं।

## गांवों में पानी नहीं, गुस्साए लोगों ने टंकी पर चढ़कर किया प्रदर्शन, बजाए खाली बर्तन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इन दिनों गांवों में पानी का संकट हो रहा है। लोग एक-एक कुप्पी पानी के लिए परेशान हैं। कई गांवों में महिलाओं को एक से दो किलोमीटर दूर जाकर पानी लाना पड़ रहा है।

वहीं, कुछ गांवों में हैंडपंपों में पानी है, लेकिन उससे काम नहीं चल पा रहा है। शनिवार को पानी की समस्या को लेकर दो गांवों के लोगों ने प्रदर्शन किया। लसूड़लिया खास गांव में पानी नहीं है।

सभी जल स्त्रोत सूख गए हैं। शनिवार को यहां के कई बुजुर्ग पानी की टंकी पर चढ़ गए और हंगामा करने लगे।


इसी तरह, नांदनी गांव की महिलाएं दूर-दराज से पानी लाने को विवश हैं। उन्हें दो किलोमीटर दूर खेतों में लगे ट्यूबवेल से पानी लाना पड़ रहा है। गांव के सरपंच ज्ञान सिंह मेवाड़ा ने बताया कि गांव में जल संकट है। लोग परेशान हैं। पानी की मांग करने वालों में दौलत सिंह, मांगीलाल, कमल सिंह, और मेहताब सिंह पानी की टंकी पर चढ़कर सरकार से जल संकट दूर करने की मांग कर रहे थे।

## बड़वेली की शिवधाम कॉलोनी में भगवान शिव की परिवार समेत हुई प्राण-प्रतिष्ठा

### पांच दिवसीय यज्ञ का समापन, भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**सीहोर।** जिले के बड़वेली गांव में एक ऐसी जगह जहां सालों पहले बबूल की झाडिय़ां थी, वहां अब भगवान शिव मंदिर में परिवार समेत विराजमान हो गए। किसी ने सोचा भी नहीं था कि इस वीरान जगह को कभी एक युवक गुलजार कर देगा। लेकिन विक्रम हाड़ा और उसके परिजनों ने संकल्प लिया था की वो एक शिव मंदिर जरूर बनवाऐंगे, जो उन्होंने पूरा किया।


ग्राम बड़वेली की शिवधाम कॉलोनी में नवनिर्मित मंदिर में भगवान शिव जी की परिवार सहित प्राण प्रतिष्ठा पंडितों द्वारा विधि विधान से रविवार को हुई। पांच दिवसीय यज्ञ के अंतिम दिन विशाल भंडारा हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भाजपा नेता विक्रम सिंह हाड़ा की धार्मिक क्षेत्र में गहरी रुचि है। विगत साल पहले उन्होंने शिव मंदिर बनाने का संकल्प लिया था, उन्होंने कहा कि भोलेनाथ की ऐसी कृपा हुई कि आज वे परिवार सहित मंदिर में विराजमान हो गए है। मेरा सपना साकार हो गया। इस मंदिर में



शिव-पार्वती, गणेशजी, कार्तिकेय व नंदी की प्रतिमा स्थापित है। विक्रम सिंह मेवाड़ा के इस सराहनीय कार्य कि गांव सहित आसपास के क्षेत्र के लोग बढ़ाई कर रहे है। बताया गया कि भंडारे में बड़वेली, दुपाडिय़ा दांगी, निपानिया, मगरखेड़ा, सीहोर, मुंगावली, जमोनिया समेत अनेकों गांवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। यज्ञ में भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, भाजयुमो जिला अध्यक्ष भूपेंद्र पाटीदार शामिल हुए।

## नगर परिषद की बारिश को लेकर की जा रहीं तैयारियां

**बुधनी।** वर्षाकाल को लेकर नगर परिषद द्वार तैयारियां शुरु कर दी गई हैं इसके लिए नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय एवम् सीएमओ संतोष रघुवंशी के निर्देश पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छता निरीक्षक शैलेंद्र चौहान की देखरेख में सभी वार्डों में स्थित नाले एवं नालियों की सफाई करवाई जा रही है रविवार को वार्ड क्रमांक 03 सिंधी कैंप,वार्ड क्रमांक4 पुलिस कॉलोनी,वार्ड क्रमांक13के बड़े नाले ओर नालियों की सफाई करवाई गई।



## गुरु कभी भी अमंगल नहीं सोचता है, वह तो शिष्य के चरित्र का निर्माण करता है: पं. चेतन उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

निस्वार्थ भाव से दिया हुआ दान महादान है और इससे मनुष्य को परमपिता का अमूल्य वरदान प्राप्त होता है। योग्य गुरु से शिक्षा प्राप्त कर की गई साधना से साधक अपने लक्ष्य तक पहुंच पाने में समर्थ होते हैं। कहा गया है कि गुरु कभी भी अमंगल नहीं सोचता है, वह सदा शिष्य के चरित्र निर्माण व सफलता की कामना करता रहता है। उक्त विचार शहर के प्राचीन श्री हंसदास मठ, दशहरा बाग उमा शंकर धाम कालोनी के पास जारी सात दिवसीय संगीतमय श्री शिव महापुराण के पांचवें दिन कथा वाचक पंडित चेतन उपाध्याय ने कहे।



श्री हंसदास मठ में स्फटिक श्री रिद्धेश्वर महादेव प्राण-प्रतिष्ठा सिद्ध श्री हनुमान महाराज की स्थापना का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव का आयोजन महंत श्री हरिरामदास महाराज के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। शिव महापुराण के अलावा रविवार को हरिरामदास महाराज के सानिध्य में प्रतिमाओं का महास्नान, गंधाधिवास, धूपाधिवास, इत्राधिवास, मूर्तिन्यास, श्री रामार्चा सहस्त्रार्चन उत्सव आदि का दिव्य आयोजन किया गया। वहीं सोमवार को सुख शय्याधिवास, प्राण-प्रतिष्ठा, नित्य पूजन, हवन और आरती दिव्य अनुष्ठान प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत किया जाएगा। इसके अलावा छह मई को पूर्णाहुति और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। रविवार को कथा के पांचवें दिन पंडित श्री उपाध्याय ने कहाकि महापुराण कल्प वृक्ष के समान है, जो इसे जिस कामना के साथ सुनता, वह कामना पूरी होती है। शिव जब अपने भगत पर प्रसन्न होते हैं तो वह उसे सब कुछ प्रदान कर देते हैं। उन्हें प्रसन्न करने के लिए किसी बड़े प्रयास की जरूरत नहीं है। वह तो केवल सच्ची श्रद्धा और भक्ति के अधीन है। कथा का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। कथा के दौरान उन्होंने भगवान गणेश के विवाह सहित अन्य प्रसंगों का वर्णन किया।

पंडित श्री उपाध्याय ने कहाकि भगवान शिव की भक्ति और आराधना से मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है, जो कि जीवन के बंधन से मुक्ति है। उन्होंने धर्म का पालन करने और अधर्म से दूर रहने पर जोर दिया, क्योंकि धर्म का पालन करने से व्यक्ति शुद्ध होता है और मोक्ष की ओर अग्रसर होता है। जब अपना जीवन शिव भक्ति में, कृष्ण भक्ति में, ईश्वर की भक्ति में लगा दे तो वह लोगों से दूर रहता है, क्योंकि अगर वह लोगों के बीच गया तो उसका ध्यान भक्ति में कैसे रहेगा, इसलिए उन्हें अकेला छोड़ देना चाहिए। मनुष्य जीवन का उद्देश्य ईश्वर प्राप्ति है, किन्तु नाना प्रकार के जंजालों व माया के चलते मुक्ति नहीं पाते हैं। किन्तु जब तक ईश्वर न मिल पाया। मानव अपने जीवन की गरिमा को नहीं समझता है। उन्होंने राग द्वेष आदि से मुक्त होकर संत के बताये रास्ते पर चलने की प्रेरक अपील की।

## भाजपा मंडल की नवीन कार्यकारिणी की घोषित 61 सदस्यीय टीम में 6 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री, 6 मंत्री में 5 महिलाएं शामिल

**रेहटी।** भारतीय जनता पार्टी मंडल सलकनपुर की नवीन कार्यकारिणी घोषित की गई। जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा की अनुशंसा पर मंडल सलकनपुर अध्यक्ष बनवीर सिंह चंद्रवंशी के द्वारा 61 सदस्यीय टीम की कार्यकारिणी का गठन किया गया है जिसमें 6 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री, 6 मंत्री, एक कोषाध्यक्ष एक कार्यालय मंत्री एवं मीडिया प्रभारी के नाम पर मोहर लगी है। जिसमें ज्योति सुनील गौर महामंत्री, प्रदीप पटेरिया महामंत्री, उपाध्यक्ष में हेमलता राजकुमार वंशकार, धर्मेंद्र सोलंकी, मुकेश साहू, विनोद नागर, भरत पटेल, मिठ्ठूलाल यदुवंशी वही मंत्री में सुनीता यादव, रेखा कैलाश कीर, काजल राहुल पाल, भागीरथ मंडलोई, राकेश यादव, रामशंकर नागर, कार्यालय मंत्री विनीत माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष बलवंत हरियाले, मीडिया प्रभारी संदीप चौहान ( एसके चौहान) को स्थान दिया गया है

#### 15 सामाजिक वर्गों को कार्यकारिणी में दिया स्थान

भाजपा मंडल सलकनपुर की मंडल कार्यकारिणी में सभी जाति को विशेष ध्यान दिया गया है जिसमें रेहटी तहसील क्षेत्र अंतर्गत भाजपा के 9 शक्ति केंद्रों में 47 बूथों में लगभग 15 जाति वर्गों में से 18 सदस्यों को कार्यकारिणी में स्थान दिया गया है। भारतीय जनता पार्टी की कार्यकारिणी की समिति का गठन किया गया जिस पर केंद्रीय किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा, पूर्व जिला अध्यक्ष रवि मालवीय, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत, गुरु प्रसाद शर्मा, रघुनाथ सिंह भाटी, महेश उपाध्याय का मंडल अध्यक्ष बनवीर चंद्रवंशी ने शीर्ष नेतृत्व का आभार माना है। वहीं वरिष्ठ नेता रामगोपाल ट्रेलर, आसाराम यादव, मनोहर लाल महेश्वरी, दुर्गेश सोनी, राजेंद्र पटेल, निर्मला बारेला, गया प्रसाद कीर, रामनारायण साहू, घासीराम पटेल, अनार सिंह चौहान, गजराज सिंह चेयरमेन, सूर्या चौहान , सुनीता चौहान, प्रेमनारायण मीणा, अर्चना राजीव शर्मा, चंद्रशेखर दीक्षित, अरविंद दुबे, रामसजीवन यादव, कुंवर नीरज सिंह, केशव चौहान, भगवान सिंह नागर, रिखीराम यादव, राजेश राजपूत, पुरुषोत्तम यादव, सुभाष पाल, जगदीश नाविक, रामविलास पंसारी, गजराज सिंह पटेल, हरिसिंह पटेल,रामविलास यादव, डॉ आरके यादव, करण सिंह चौहान, श्रीराम मेहता, विष्णु गुप्ता, भागीरथ मुकाती, सुरेश महेश्वरी, राजेश विश्वकर्मा, सरदारी लाल नागर, कैलाश नागर, डॉ कालूराम नागर द्वारा नव नियुक्त कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### आंगनबाड़ी सहायिका आसपास से पानी भरकर लाने के लिए मजबूर

# गर्मी में हाल बेहाल : आंगनबाड़ियों में न बिजली, न है पानी की कोई सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

तापमान 43 डिग्री पार गया है। ऐसे में बिलकिसगंज की आंगनबाड़ियों में न बिजली है, न पानी। जिससे कम ही बच्चे आंगनबाड़ी पहुंच रहे हैं। पहले इन आंगनबाड़ियों में पड़ोस से बिजली और पानी लेकर काम चल जाता था, लेकिन अब बिल ज्यादा आने और जल स्तर नीचे गिरने से वह भी नहीं मिल रहा।

इससे बच्चों को परेशानी हो रही है। सबसे पहले गल्ला मंडी के पास स्थित आंगनबाड़ी का हाल देखा गया। यहां न तो बिजली कनेक्शन है, न पानी की व्यवस्था। यहां 46 बच्चे दर्ज हैं, जिनमें से वर्तमान में 25 ही आ रहे हैं। जब बच्चों से पूछा गया कि पानी मिलता है या नहीं, तो उन्होंने हाथ उठाकर कहा- थोड़ा-थोड़ा मिलता है। इस दौरान सहायिका बाहर से पानी लाती दिखी।



**सहायिका आसपास से पानी भरकर ला रही:** पंचायत के पास की आंगनबाड़ी में भी यही हाल है। यहां पंचायत भवन से बिजली ली गई है। यहां भी पानी के लिए सहायिका आसपास से भरकर ला रही है। इसके अलावा राम मंदिर के पास की आंगनबाड़ी में 30 से 40 बच्चे हैं। यहां भी बिजली कनेक्शन नहीं है। हालांकि पास के घर से बिजली ली गई है। पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। इस कारण यहां माता-पिता बच्चों को भेज नहीं रहे। शनिवार को यहां एक भी बच्चा नहीं था। प्रशासनिक स्तर पर स्थायी या वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने से इन आंगनबाड़ियों में बच्चों की उपस्थिति बहुत कम हो गई है। गर्मी में बच्चे ज्यादा देर बैठ नहीं रहे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सफिया खान ने बताया कि सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक केंद्र खुला रहता है। बच्चों को नाश्ता और मध्याह्न भोजन देना होता है।

इसके लिए पानी जरूरी है। पहले पड़ोस से पानी मिल जाता था, लेकिन अब जल स्तर गिरने से वहां से भी पानी नहीं मिल रहा। वहीं बिजली कनेक्शन नहीं होने से पंखे नहीं चल पा रहे और गर्मी में बच्चे ज्यादा देर बैठ नहीं रहे। पहले पड़ोस से बिजली ली थी, लेकिन गर्मी में बिल ज्यादा आने के डर से पड़ोसी ने कनेक्शन बंद कर दिया।

## अंतर्राष्ट्रीय स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में दिखाएंगे अपना दम सीहोर के खिलाड़ी



**सीहोर।** सीहोर से नेपाल अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में अपना जोर आजमाने जा रहे निन्जा फ्यूजन मार्शल आर्ट अकादमी के खिलाड़ी जो अपने कोच दीपांशु देसावरी के साथ नेपाल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में भाग लेगें और सीहोर का नाम देश स्तर पर रोशन करने के लिए अपनी पुरी मेहनत और ताकत के साथ अपना जोर दिखाएंगे। निन्जा फ्यूजन मार्शल आर्ट अकादमी के खिलाड़ी अपने कोच दीपांशु सर के साथ जिनिशा भारती, राजश्री, इशिका, रिषिका, वैष्णवी, भूमि, वंश, यश, युवराज, प्रियंका, रूद्र व नवीश चंदेल इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

## राजगढ़ मंडी परिसर में होने वाले सम्मेलन से हटाए गए 20 नाबालिग जोड़े

# कार्रवाई: संयुक्त टीम ने गांवों में पहुंचकर रुकवाए 8 बाल-विवाह





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में बाल विवाह की रोकथाम को लेकर महिला बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग एवं अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की संयुक्त मुहिम रंग ला रही है। शनिवार को करनवास, जैतपुरा, कड़लावद, और भोजपुर क्षेत्र के अमरपुरा सहित विभिन्न ग्रामों में बाल विवाह की सूचनाएं मिलने पर संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई की।

इस दौरान 8 बाल विवाह रोके गए और 3 नाबालिग जोड़ों को सामूहिक विवाह सम्मेलन की सूची से हटाया गया, जबकि पूर्व में सम्मेलन समिति ने 20 जोड़े को हटा दिया था। करनवास गांव में कल 5 मई को होने वाले बाल विवाह की सूचना पर कार्रवाई करते हुए परिजनों को समझाइश दी गई। इसके बाद वे स्वयं राजगढ़ आकर शपथ-पत्र के माध्यम से विवाह न करने का वचन देकर लौटे। इसी तरह सारंगपुर के कड़लावद गांव में 16-17 वर्ष की दो बालिकाओं के विवाह की सूचना पर संयुक्त टीम ने पहुंचकर विवाह रुकवाया। जैतपुरा गांव में 15 वर्ष के दो बच्चों के विवाह की जानकारी मिलने पर टी वहां भी पहुंची और विवाह रुकवाने की कार्रवाई की गई। वहीं भोजपुर क्षेत्र के अमरपुरा गांव में एक नाबालिग बालिका के विवाह की तैयारी चल रही थी, जिसे स्थानीय स्टेक होल्डर्स और टीम के प्रयासों से रुकवाया गया।

### राजगढ़ के सम्मेलन से हटाए गए नाबालिग जोड़े

राजगढ़ मंडी परिसर में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन के दस्तावेजों की भी जाँच की गई। सम्मेलन समिति के पदाधिकारियो ने बताया कि पूर्व में 20 नाबालिग जोड़ों को हटा दिया था, साथ ही दस्तावेजों में त्रुटि पाए जाने पर 3 और जोड़ों को सम्मेलन से हटाया गया। अब सम्मेलन में केवल 20 बालिग जोड़ों का विवाह कराया जाएगा। टीमों ने सभी परिजनों के साथ सम्मेलन समिति के लोगों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की जानकारी दी और चेतावनी दी कि यदि भविष्य में बाल विवाह की पुनरावृत्ति की गई तो वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### जिले में सबसे प्रभावी कार्रवाई

जिले के कई समाजों में फैली बाल-विवाह कुरीति को लेकर इस बार प्रषासनिक अमला समझाईस के साथ सख्त तेवर अपना रहा है। पूर्व में हुए बाल-विवाह के मामलों में नाबालिगों के परिजनों पर एफआईआर भी दर्ज की जा चुकी है। प्रषासनिक टीम का मानना है कि बाल-विवाह को रोकने अब तक की सबसे असरदार कार्रवाई इस साल राजगढ़ जिले में की गई है।

## निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर जताई सख्त नाराजगी

# धूप व तपती जमीन पर पहुंचे मंत्री टेटवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार को उस समय हलचल मच गई, जब मध्यप्रदेश शासन के मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक गौतम टेटवाल ने भीषण गर्मी के बीच औचक निरीक्षण करते हुए विकास कार्यों की जमीनी हकीकत को परखने के लिए दौरा किया। मंत्री टेटवाल सबसे पहले ग्राम खजुरिया घाटा पहुँचे, जहाँ सड़क और पुल निर्माण का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने निर्माणाधीन सड़क की गुणवत्ता को लेकर मौके पर मौजूद अधिकारियों से बिंदुवार जानकारी ली। मंत्री ने निर्माण स्थल पर खड़े होकर निर्माण सामग्री, कार्य की गति और मजबूती का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने ठेकेदार और अभियंता को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या घटिया सामग्री का उपयोग बिल्कुल भी स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि गुणवत्ता में कमी पाई गई, तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी। मंत्री टेटवाल निर्माणाधीन पुल पर खड़े होकर पूरे क्षेत्र का अवलोकन किया और कार्य योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य केवल योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं, बल्कि गुणवत्ता, पारदर्शिता और दीर्घकालिक जनहित को सुनिश्चित करना है।

### प्राथमिकता से निराकरण

निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने मंत्री से संवाद कर अपनी समस्याएं और सुझाव साझा किए। मंत्री ने उन्हें गंभीरता से सुना और समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई से प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए। मंत्री के इस औचक निरीक्षण से निर्माण एजेंसियों और प्रशासनिक अमले में सक्रियता बढ़ गई है। यह निरीक्षण न केवल जिम्मेदारों के लिए एक चेतावनी है, बल्कि जनता के लिए एक आश्वासन भी कि सरकार उनके हितों के लिए सजग और संकल्पित है।

# नीति आयोग अंतर्गत विकासखंड की विभिन्न पंचायतों में गाद निकालने व जलाशयों के विस्तार के निरीक्षण कार्य प्रारंभ हुए







हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

विकासखंड अंतर्गत जलाशयों के पुनर्जीवन कार्यों को गति प्रदान करते हुए नीति आयोग के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत स्थानीय प्रशासन द्वारा कार्य किए जा रहे। इसी क्रम में नीति आयोग (दिल्ली) से अनुज डेविड एवं आदित्य जैन ने जमीनी निरीक्षण किया तथा अवनी ग्रामीण एप से संबंधित तकनीकी समस्याओं का स्थल पर जाकर समाधान किया। उन्होंने पंचायत स्तर पर आ रही समस्याओं जैसे डेटा एंट्री, सिंकिंग और रियल टाइम रिपोर्टिंग में आ रही अड़चनों को समझते हुए फील्ड टीम को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। जिससे कार्य की गति और गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार आया।

इस निरीक्षण कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी कार्यपालन यंत्री प्रियंका मेहरा तथा जनपद पंचायत सीईओ रंजीत सिंह रघुवंशी के मार्गदर्शन में हुआ। सहायक यंत्री गोपाल किरार एवं नीति आयोग हिमांशु साहू द्वारा फील्ड स्तर की गतिविधियों का समन्वय किया गया।

उपयंत्री संतोष कुमार कोल्हे एवं अनिल जालोन साथ थे। निरीक्षण में उपयंत्री संतोष कुमार कोल्हे, अनिल जालोन एवं संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच, ग्राम रोजगार सहायक, अन्य पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिन्होंने जलाशय के कार्य की प्रगति साझा की और प्रशासनिक सहयोग प्रदान किया। जलाशयों के पुनर्जीवन का उद्देश्य वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देना, भूजल स्तर में सुधार लाना, सिंचाई क्षमता को सुदृढ़ बनाना और ग्रामीण क्षेत्रों में जल की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करना, ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## अधिकारियों से गुणवत्ता की ली जानकारी, कहा-परियोजना से जनता को होगा बड़ा लाभ

# मंत्री पंवार ने सुठालिया परियोजना के निर्माण का किया निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री नारायण सिंह पंवार ने शनिवार को पार्वती नदी पर निर्माणधीन सुठालिया परियोजना के अंतर्गत बांध का निरीक्षण करने पहुंचे, इस दौरान परियोजना से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

मंत्री पंवार ने सबसे पहले पार्वती नदी पर निर्माणाधीन बांध का निरीक्षण किया। मौके पर उपस्थित अधिकारियों से निर्माण की गुणवत्ता की जानकारी ली। साथ ही कार्य को निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करने की बात कही। इस दौरान अधिकारियों ने परियोजना की संपूर्ण जानकारी दी। मंत्री पंवार ने निरीक्षण के बाद कहा कि सरकार की यह क्रांतिकारी परियोजना है, इसका लाभ क्षेत्र की जनता को मिलेगा। इस सिंचाई परियोजना के संपूर्ण हो जाने के पश्चात क्षेत्र में सिंचाई एवं पेयजल की सुविधा होगी। आपको बता दें कि पार्वती परियोजना में प्रेशराइज्ड पाइप नहर प्रणाली के जरिए किसानों को सिंचाई के लिए पानी दिया जाएगा।

### शासकीय महाविद्यालय सुठालिया की निर्माणाधीन बाउंड्रीवॉल का किया निरीक्षण

प्रदेश सरकार शासकीय भवनों की सुरक्षा और रखरखाव को लेकर गंभीर है। इसी कड़ी में शनिवार को मंत्री पंवार ने सुठालिया शासकीय महाविद्यालय की 22 लाख 48 हजार से निर्माणाधीन बाउंड्री वाल का निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री पंवार ने कहा कि सरकार नागरिकों को बेहतर और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस बाउंड्री वाल बनने से महाविद्यालय के परिसर का बेहतर प्रबंधन हो सकेगा और कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

# पूर्व पार्षद सहित दो घरों से लाखों के जेवर ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

बायपास पर निर्माणाधीन कॉलोनियों में लगातार बढ़ रही चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए यहां पुलिस चौकी की मांग लंबे समय से की जा रही है। इस दिशा में पुलिस कोई कदम नहीं उठा रही। बायपास पर पुलिस का दूर-दूर तक नामोनिशान नहीं है। इसका फायदा उठाकर चोर चोरी कर भाग जाते हैं।

गुरुवार की रात भी एक निर्माणाधीन कॉलोनी के दो घरों में लाखों रुपए की नगदी और सोने-चांदी के जेवर चोर चुरा ले गए। पूर्व पार्षद प्रदीप श्रीवास्तव और रविकांत शर्मा के घर चोरी की यह वारदात हुई है। प्रदीप श्रीवास्तव परिवार के साथ रिश्तेदार की शादी में गए थे। चोरों ने उनके घर के पांच ताले तोड़े। उन्होंने बताया कि एक लाख नकद और सोने-चांदी के जेवर चोरी हुए हैं। चोरों ने बंदूक का लाइसेंस, जमीन के कागजात और बैंक के दस्तावेज भी चुरा लिए। करीब 30 साड़ियां भी गायब हैं।

इधर रविकांत शर्मा की पत्नी दतिया में शादी समारोह में गई थीं। शर्मा खुद ऑफिस के काम से बाहर थे। गुरुवार रात को हुई चोरी का पता उन्हे शुक्रवार सुबह चला। चोरी का सामान पत्नी के लौटने के बाद ही पता चल सकेगा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे के अनुसार फोरेंसिक टीम को भेजकर जांच की जा रही है।

### अतिक्रमण पर यातायात पुलिस, नपा की कार्रवाई

**विदिशा।** एसपी रोहित काशवानी के निर्देश पर यातायात प्रभारी सूबेदार आशीष राय द्वारा नगरपालिका के सहयोग से रेलवे स्टेशन तिराह, माधवगंज, जयप्रकाश मंच एवं खरीफाटक रोड पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों के विरुद्ध चालानी एवं जब्ती की कार्रवाई की है। इधर कोतवाली के पास ही एक साल से दो तीन ठेलें की जगह पर अवैध तरीके से सामान बांधा रखा है।

# वकील के घर 6 लाख की चोरी करने वाला इरफान और साजिद गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा/ कुरवाई

कुरवाई पुलिस ने एक वकील के घर में हुई चोरी का मामला सुलझा लिया है। पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का माल भी बरामद किया है। 24 अप्रैल को एडवोकेट नवीन जैन के घर में चोरी हुई थी। वह परिवार के साथ कटनी में एक विवाह समारोह में गए थे। इस दौरान चोरों ने उनके बंद मकान में सेंध लगाकर 3 अलमारियां तोड़ीं। चोरों ने सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चुरा ली। कुरवाई थाना प्रभारी आरके मिश्र ने एफएसएल और डॉग स्क्वॉड की मदद से घटनास्थल का निरीक्षण किया। तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर की सूचना के आधार पर भोपाल की अटल अयूब नगर झुग्गी बस्ती से 2 आरोपियों को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों में 50 वर्षीय इरफान नगा और 30 वर्षीय साजिद मोटा शामिल हैं। इरफान के खिलाफ 92 आपराधिक मामले दर्ज हैं

### चक्कर खाकर नाली में गिरा सफाईकर्मी, मौत

**विदिशा।** शुक्रवार दोपहर नपा में पदस्थ दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी 45 वर्षीय राकेश वाल्मीकि की अचानक मौत हो गई। वह वार्ड नंबर नंबर 10 भगत सिंह कॉलोनी में नाली की सफाई कर रहा था। इस दौरान उन्हें अचानक चक्कर आ गया और वह नाली में गिर पड़ा उनके साथ काम कर रहे साथियों ने राकेश को नाली में गिरा देखा। तुरंत अन्य लोगों को बुलाया और जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

# हज यात्रा के सफर पर जाने वाले का किया स्वागत



**सारंगपुर।** मुस्लिम समाज के पवित्र तीर्थ स्थल मक्का मदीना के सफर जाने वाले हज यात्रियों का पाडल्या में सचिव अजीज खां मंसूरी कांसरोद के नेतृत्व में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हज यात्रा पर जाने वाले मऊ सरपंच रईश मंसूरी व पाडल्या निवासी मोहम्मद मंसूरी सारंगपुर का स्वागत हार फूल माला पहनाकर किया गया। इस अवसर पर अजीज ने उनसे देश में अमन-चैन कायम रहे व भाईचारा बना रहे ऐसी दुआ करने की अपील की इस मौके पर इब्राहिम मंसूरी, सचिव अजीज मंसूरी, मुमताज मंसूरी, इरफान मंसूरी, सरदार मंसूरी,यूनूस मंसूरी मऊ, हाजी फकीर मोहम्मद, हाजी बाबू खां, शिक्षक अख्तर मंसूरी, शब्बीर मंसूरी, मुख्तियार मंसूरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## भ्याना-पाटक्या प्रधानमंत्री सड़क योजना का मामला, परेशानी का बनी सबब

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क निर्माण में गुणवत्ता का नहीं रख रहे ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

प्रधानमंत्री सड़क विभाग जर्जर सड़क की स्थिति को लेकर ध्यान नहीं दे रहा है। सड़क की खस्ताहाल स्थिति के कारण लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन विभाग की ओर से कोई उचित कार्रवाई नहीं की जा रही है। न तो सड़क के मरम्मत के लिए कोई कदम उठाया जा रहा है और न ही ठेकेदार को इसके रखरखाव के लिए कोई आदेश दिए जा रहे हैं। ग्राम भ्याना से पटक्या 6.86 किलोमीटर 503.00 लाख की लागत से बनने वाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना लोगो के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई है।

भ्याना से पाटक्या जाने वाली सड़क काफी जर्जर हो गई है। जगह-जगह सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं। बरसात में पानी भरे होने के कारण यहां दुर्घटना की आशंका भी बढ़ गई है। सड़क की इस स्थिति से नागरिक खासे नाराज हैं। कई बार संबंधित अधिकारियों के पास गुहार लगाने के बावजूद भी सड़क नहीं सुधर पाई है। राजगढ़ जिले में सड़कों की जाल बिछा कर विकास के दावे किए जा रहे हैं। गांव-गांव में आवागमन के साधन के लिए सड़कें बनाई जा रहीं हैं। पर देखरेख के अभाव एवं गुणवत्ता में कमी के चलते सड़कें पहले ही जर्जर हो रही हैं। ये सड़कें जनता के लिए परेशानी का सबब




बनकर आए दिन दुर्घटना को आमंत्रित कर रही हैं। मजबूरी में जनता उन बदहाल सड़कों पर जान जोखिम में डाल कर यात्रा करने को मजबूर हो जाती है। इन सड़कों पर विकास का वादा करने वाले जनप्रतिनिधि भी यात्रा करते हैं। पर वे भी अनदेखा कर देते हैं। भ्याना से पाटक्या को जोड़ने वाली सड़क काफी इंतजार के बाद बनी थी। ग्रामीणों ने बताया कि बीच में करीब 5-6 किलोमीटर की सड़क का काम काफी सालों से अटका हुआ था। काफी मांग के बाद सड़क का निर्माण पूरा हुआ था। पर बनने के कुछ ही दिनों बाद सड़क जगह-जगह से उखड़ने लगी। वर्तमान में सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। यह सड़क यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। इस मार्ग पर प्रतिदिन सैकड़ों वाहनों का आवागमन होता है। प्रधानमंत्री सड़क विभाग की लापरवाही के चलते जर्जर सड़क की हालत दिनोंदिन बिगड़ती जा रही है। न तो विभाग इस सड़क पर ध्यान दे रहा है, और न ही इसके संधारण को लेकर किसी ठेकेदार को आदेश दिए जा रहे हैं। सड़क की खराब हालत से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन संबंधित अधिकारी और ठेकेदार इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। जनता की मांग है कि जल्द से जल्द इस सड़क का मरम्मत कार्य शुरू हो, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

### दुर्घटना का कारण बन रहा जर्जर मार्ग

लोगों को मजबूरी में इस मार्ग से आवागमन करना पड़ रहा है, जो कई बार दुर्घटना का कारण भी बन जाता है। वाहन चालक रात को आवागमन करते समय गिरकर चोटिल हो रहे हैं। जर्जर सड़क की हालत देखकर स्थानीय लोगों में भारी रोष है। अगर बरसात से पहले मार्ग की मरम्मत हो जाए है तो आसपास के ग्रामीणों को आने जाने में परेशानी नहीं होगी।

### रिपेयरिंग करवा देंगे...

आपके माध्यम से मुझे जानकारी मिली है। अगर सड़क जर्जर हो गई हो तो ठेकेदार से बोलकर रिपेयरिंग करवा देंगे।

**जगदीश पाटीदार**
प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना इंजीनियर राजगढ़

## खबर संक्षेप

### टीकाकरण के विरोध में सीएचओ प्रदर्शन कर कल देंगे ज्ञापन

**विदिशा।** टीकाकरण संबंधी समस्त कार्य करने का जिम्मा एएनएम के पास है। लेकिन हालही में सीएमएचओ योगेश तिवारी द्वारा एक आदेश जारी किया गया है। जिसमें जिलेभर के सीएचओ को टीकाकरण कराने के लिए कहा गया है। जबकि यह कार्य एएनएम का होता है। जो हफ्ते में सिर्फ दो दिन टीकाकरण करती हैं। सीएचओ को कई प्रकार के कार्य करने होते हैं। आदेश के विरोध में ब्लॉक स्तर पर ज्ञापनों का दौर चल रहा है। टीकाकरण के विरोध में सिरोंज, लटेरी, कुरवाई, विदिशा और नटेरन ब्लॉक के सीएचओ सोमवार को प्रदर्शन कर ब्लॉक स्तर पर सीएमएचओ के नाम बीएमओ को ज्ञापन देंगे।

### बड़ी छठ पर्व धूमधाम से मनाया

**गंजबासौदा।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष बैसाख माह की छठ के अवसर पर श्री काल सेन भैरव बाबा मंदिर गांधी चौक में जगत के कोतवाल शक्ति के दाता भगवान शिव के अंशावतार काल सेन भैरव बाबा का पूजन अभिषेक हुआ। तत्पश्चात महाआरती हुई। पंडित द्वारका प्रसाद तिवारी ने बताया कि बाबा के दरबार में आसपास के क्षेत्र के भक्तों ने उपस्थित होकर के बाबा का आशीर्वाद लिया एवं प्रसादी ग्रहण की। वहीं बैसाख माह की छठ के अवसर पर श्रद्धालुओं ने भी अपने अपने कुल देवताओं के स्थानों पर पहुंचकर पूजन अर्चन की और भंडारे एवं प्रसादी वितरण की।

**आगजनी:** अचानक चली तेज आंधी तूफान से नरवाई की आग घरों तक पहुंची

# 4 गांव में नरवाई की आग ने मचाई तबाही चक्क जीवाजीपुर में 5 लाख जलकर राख

नरवाई की आग ने शनिवार को चार गांवों में तबाही बचा दी। जिससे कई घर जलकर राख हो गए। लाखों रुपए का सामान जल गया। खेतों में जल रही नरवाई की आग तेज हवा के साथ फैल गई। जिससे खेतों के आसपास बने घर सुलग उठे। इस आगजनी में खेती किसान का सामान सहित क्विंटलों से उपज और कई लोगों की गृहस्थी नरवाई की आग से राख हो गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शनिवार को आमखेड़ा, नौराज खेड़ी, करारिया और चक्क जीवाजीपुर में नरवाई की आग ने तबाही मचा दी।

चक्क जीवाजीपुर छोटू कुशवाह के घर में आग लग गई। आगजनी में 5 लाख रुपए नगदी जलकर राख हो गए। इसके अलावा 30 क्विंटल गेहूं, 15 क्विंटल चना, गृहस्थी का सामान जल गया। छोटू ने बताया कि उनका घर गांव से कुछ दूर खेत पर बना हुआ है। इसके अलावा सौदान कुशवाह और वीरेंद्र यादव के पाइप भी आगजनी में जल गए।



**विदिशा।** तेज आंधी के कारण नरवाई की आग ने गांवों में मचाई तबाही।

नटेरन तहसील के ग्राम नादिया, महोली में आग लगने से घर जल गए। महोली गांव में लखन अहिरवार और हल्कई के घर आगजनी हुई। नादिया गांव में हरिसिंह अहिरवार की बेटी की शादी थी। शादी का पूरा सामान जलकर राख हो गया। वहीं गांव के ही यूनिस खान का घर भी नरवाई की आग से जल गया।

### एक ही परिवार के चार घर जलकर राख हुए

करारिया लश्करपुर में शनिवार शाम को तेज आंधी चली। खेतों में जल रही नरवाई की आग कारेलाल साहू, संदीप साहू, राधेश्याम साहू, सरजु बाई के घर जल गए। राधेश्याम साहू के घर में गेहूं, भूसा, पाइप, कंडे जल गए। ग्रामीणों की मदद से घर में बंधे पशुओं को निकला गया। कारेलाल साहू का 18 ट्राली भूसा, 70 पाइप, अनाज एवं गृहस्थी का सामान राख हो गया। संदीप साहू का 15 ट्राली भूसा, 40 पाइप, गृहस्थी का सामान अनाज और सरजू बाई का घर गृहस्थी के सामान और भूसा सहित जलकर खाक हो गया।

### आमखेड़ा में आग में जलकर मर गए मवेशी

आमखेड़ा कालू में रामकरण मीणा के घर में आग लगने से 1 बछड़ा जल गया। मथुरालाल मीणा की 2 गाए एक 1 बछड़ा 1 भेंस 90% जल गईं। वहीं हरिनारायण मीणा का 20 क्विंटल गेहूं, 15 क्विंटलसोयाबीन और घर जल गया। रामनाथ मीणा, लाखन मीणा, लखपत मीणा का घर जलकर राख हो गया। इधर नौराज खेड़ी में गगन शर्मा, पवन शर्मा के घर में आग लग गई। जिससे खेती किसानी एवं गृहस्थी का लाखों रुपए का सामान जल गया। लगभग 30 से 40 टीन भूसा, पाइप, चद्दर, मोटर, केबल, कड़ी, एंगल, पोल आदि जलकर राख हो गए।

# मंच पर भाषण देते रहे शिवराज, उड़ गया टेंट



**विदिशा।** तेज आंधी-तूफान में कार्यक्रम स्थल के तंबू और बंबू हवा में उड़ गए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ग्यारसपुर में मंच से जनता को संबोधित कर रहे थे, उसी दौरान अचानक तेज आंधी चली और पूरा टेंट हवा में उड़ गया। मंच पर भाषण जारी था, लेकिन नीचे अफरा-तफरी मच गई।

अपनी जान बचाने के लिए लोग इधर-उधर भागते नजर आए। कार्यक्रम में भीड़ जुटाने के लिए प्रशासन ने गांव-गांव जाकर आशा, उषा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बुलाया था। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीले चावल बांटकर जनता को आमंत्रित किया, लेकिन इंतजामों की जिम्मेदारी प्रशासन भूल गया। कार्यक्रम स्थल पर कहीं पेड़ों की आड़ में, तो कहीं शासकीय वाहनों के पीछे छिपकर लोग बैठे रहे। कुर्सियों की कमी और धूप से बचाव के साधन न होने से लोग बेहाल नजर आए। प्रशासनिक अधिकारी जनप्रतिनिधियों की सेवा में व्यस्त रहे और मैदान की अव्यवस्थाओं पर किसी का ध्यान नहीं गया। जनता व्यवस्था के लिए तरसती रही, लेकिन मंच से राजनीतिक भाषणों की गूंज थमती नहीं दिखी।

### कॉलेज छात्रा की ट्रेन से कटकर मौत

**विदिशा।** स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 3 के पास शुक्रवार शाम को ट्रेन के चपेट में आने से 19 साल की छात्रा की मौत हो गई। मृतका की पहचान बीना निवासी भूमि यादव के रूप में हुई है। वह एसएटीआई की छात्रा थी। भूमि रोजाना बीना से विदिशा अप-डाउन करती थी। शुक्रवार शाम भूमि कॉलेज अटेंड करने के बाद बीना जाने के लिए उसके दो दोस्तों के साथ निकली थी। भूमि ने पहले अपने दोनों दोस्तों को प्लेटफॉर्म पर चढ़ाया। जब दोस्त उसे ऊपर खींच रहे थे, तभी तेज रफ्तार ट्रेन ने चपेट में ले लिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

### एक सटोरिया पकड़ाया

**गंजबासौदा।** एसडीओपी मनोज मिश्रा के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी शहर बासौदा योगेंद्र सिंह परमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा स्टेशन कलारी के सामने ,हनुमान मंदिर के पास बासौदा पर दबिश दी गई।

# पार्किंग में अव्यवस्था फैला रहे ई रिक्शों पर की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्थानीय रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने ई रिक्शा के खिलाफ कार्रवाई की। यहां उल्लेखनीय है कि रेलवे स्टेशन की पार्किंग में ई रिक्शा के प्रवेश पर प्रतिबंध है। इसके बावजूद ई रिक्शा चालक परिसर में आते हैं और ऑटो रिक्शा स्टैंड एवं पार्किंग में यहां वहां अपने वाहन खडे कर अव्यवस्था उत्पन्न करते हैं। ई रिक्शों को लेकर पूर्व में भी कई बार शिकायतें मिलती रही हैं और आरपीएफ ने भी कार्रवाई कर ई रिक्शा चालकों को समझाईश दी थी। इसके बाद भी व्यवस्था नहीं सुधरी।



# बड़वेली की शिवधाम कॉलोनी में भगवान शिव जी की परिवार समेत हुई प्राण-प्रतिष्ठा, पांच दिवसीय यज्ञ का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



जिले के बड़वेली गांव में एक ऐसी जगह जहां सालों पहले बबूल की झाडियां थी, वहां अब भगवान शिव मंदिर में परिवार समेत विराजमान हो गए। किसी ने सोचा भी नहीं था कि इस वीरान जगह को कभी एक युवक गुलजार कर देगा। लेकिन विक्रम हाड़ा और उसके परिजनों ने संकल्प लिया था की वो एक शिव मंदिर जरूर बनवाऐंगे, जो उन्होंने पूरा कियाग्राम बड़वेली की शिवधाम कॉलोनी में नवनिर्मित मंदिर में भगवान शिव जी की परिवार सहित प्राण प्रतिष्ठा पंडितों द्वारा विधि विधान से रविवार को हुई। पांच दिवसीय यज्ञ के अंतिम दिन विशाल भंडारा हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भाजपा नेता विक्रम सिंह हाड़ा की धार्मिक क्षेत्र में गहरी रुचि है। विगत साल पहले उन्होंने शिव मंदिर बनाने का संकल्प लिया था, उन्होंने कहा कि भोलेनाथ की ऐसी कृपा हुई कि आज वे परिवार सहित मंदिर में विराजमान हो गए है। मेरा सपना साकार हो गया। इस मंदिर में शिव-पार्वती, गणेशजी, कार्तिकेय व नंदी की प्रतिमा स्थापित है। विक्रम सिंह मेवाड़ा के इस सराहनीय कार्य कि गांव सहित आसपास के क्षेत्र के लोग बढ़ाई कर रहे है। बताया गया कि भंडारे में बड़वेली, दुपाडिया दांगी, निपानिया, मगरखेड़ा, सीहोर, मुंगावली, जमोनिया समेत अनेकों गांवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।ये रहे उपस्थितयज्ञ में भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, भाजयुमो जिला अध्यक्ष भूपेंद्र पाटीदार शामिल हुए।

# भाजपा के सभी मंडल अध्यक्षों ने एसडीओपी को सौंपा ज्ञापन, दर्ज प्रकरण शून्य करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



दो दिन पूर्व मप्र बिधुत मंडल के उप केंद्र सिद्दीकगंज में पदस्थ ऑपरेटर गलसिंह वास्कले की रिपोर्ट पर बिना जांच किये सिद्दीकगंज पुलिस ने भाजपा के मंडल अध्यक्ष राकेश सिसोदिया और मंडल महामंत्री धर्मेन्द्र परमार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। जिसको लेकर सभी मंडल अध्यक्षो में भारी आक्रोश व्याप्त है। अब आष्टा विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्षो ने जिला महामंत्री धारासिंह पटेल के नेतृत्व में बिधुत विभाग के आपरेटर गलसिंह वास्कले द्वारा लिखाई रिपोर्ट एवं रिपोर्ट में लगाये आरोपो को झूठे बताते हुए एक ज्ञापन एसडीओपी आकाश अमलकर को सौपा गया जिसमें सभी मंडल अध्यक्षों ने विद्युत विभाग के ऑपरेटर द्वारा जो आरोप रिपोर्ट में लगाये उसे नकारते हुए सभी मंडल अध्यक्षों ने ज्ञापन में ऑपरेटर पर नशे में होने, समस्या बताने के दौरान मंडल अध्यक्ष के साथ अभद्र व्यवहार करने, गली गलौच करने के आरोप लगाये। मंडल अध्यक्ष शिव पाटीदार, अंजली विशाल चौरसिया, विजेन्द्रसिंह ठाकुर, सुनील आर्य, देवजी पटेल, राकेश सिसोदिया, पिंटू परमार, नरेन्द्रसिंह ठाकुर आदि ने जिला महामंत्री धारासिंह पटेल के नेतृत्व में एक ज्ञापन सौपा ओर मांग की, की ऑपरेटर द्वारा जो झूठे आरोप लगा कर सिद्दीकगंज मंडल अध्यक्ष राकेश सिसोदिया एवं मंडल महामंत्री धर्मेन्द्र परमार की जो रिपोर्ट दर्ज की गई है। उसे शून्य घोषित किया जाये और ऑपरेटर गलसिंह वास्कले पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

# शर्मा परिवार ने श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत किया: परमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



ईश्वर की कृपा सदाचार और सात्विकता से ही यह संयोग बनता है जब चार पीढियां इकट्ठी हो कर परिवार में स्वर्ण सीढ़ी आरोहण जैसे दुर्लभ आयोजन का अवसर पाती है। रिवाजी संस्कार, द्विज सुलभ पावित्र्य और समरसता पूर्ण व्यवहार हो तो ऐसे आयोजन में आनन्द बढ़ जाता है। शर्मा परिवार ने बढ़ चढ़ कर अपने परिवार के प्रेरणा पुंज श्रद्धेय दादा जी के स्वर्ण सीढ़ी आरोहण कार्यक्रम में नगर भर के मित्रो और शुभचिंतकों को आमंत्रित करके सभी लोगों को शास्त्रोक्त संस्कारो से रूबरू कराया। यह एक सुखद अनुभव है। प्रभु प्रेमी संघ इस आयोजन को स्वामी जी द्वारा निर्देशित सक्रियता ,संस्कार रोपण, सृजनशीलता और सम्पर्क शीलता की शिक्षाओं पर अमल का श्रेष्ठ उदाहरण मानता हैं ।मंत्रोच्चारण के बीच संस्कार सम्पन्नता और परस्पर मेल मुलाकात से इस आयोजन में दिव्यता और भव्यता दिखाई दी। हम सभी पूज्य स्वामी अवधेशानन्द गिरिजी महाराज द्वारा स्थापित प्रभु प्रेमी संघ के सत्संग संचालक गोविंद शर्माजी के नवाचार और विनम्रता से अभिभूत हैं। यह उद्गार पूर्व नपाध्यक्ष तथा प्रभु प्रेमी संघ के संयोजक कैलाश परमार ने उक्त आयोजन में व्यक्त किए। स्थानीय शगुन गार्डन में आयोजित स्वर्ण सीढ़ी आरोहण संस्कार में पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार सहित प्रभु प्रेमी संघ के अध्यक्ष सुरेश पालीवाल, महासचिव प्रदीप प्रगति, भजन शास्त्री राम श्रीवादी, माँ पार्वती धाम गौशाला के अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह, समाजसेवी सुनील प्रगति, पत्रकार संजय जैन किला, मराठी समाज प्रमुख प्रतीक महाडिग, अधिवक्ता सिंह वीरेंद्र परमार, संतोष मालवीय आदि ने परिवार के बुजुर्ग सूरजमल शर्मा का केशरिया शाल और पुष्पमालाओं से अभिनन्दन करते हुए उन्हें बधाई दी। प्रभु प्रेमी संघ के मोहनसिंह अजनोदिया , रामेश्वर खंडेलवाल, मनोज सोनी काका श्वेताम्बर जैन श्री संघ के महासचिव अभिषेक सुराणा सहित प्रभु प्रेमीजन भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

**राम मंदिर कोठरी में हुई देवनारायण भगवान की कथा**

# चाले एक नंबर पर मारो कारोबार रे, म्हारी लाज राखों: पडियार






हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोठरी

शनिवार को कोठरी के प्राचीन श्री राम मंदिर कोठरी में श्री राम मंदिर समिति के सदस्यों के सहयोग से स्वर्ग श्री डोंगरसिंह की स्मृति में एकदिवसीय संगीतमय देवनारायण कथा का आयोजन हुआ। इस दौरान कथा के साथ राजस्थानी धुन पर मनमोहक भजनों की प्रस्तुतियां भी हुई। बता दें कि आष्टा जनपद के अंतर्गत आने वाले ग्राम लोरस कला के कथावाचक पप्पू जी पडियार यहां पर कथा सुनाने के लिए पधारे थे। उन्होंने भगवान देवनारायण की संगीतमय कथा सुनाई। कथा में आए हुए पड़यिारों को देवता आए एवं भगवान की आरती उतारी गई।

जिस मैं भक्तों ने भक्ति में लीन होकर खूब नाचे कथा में भगवान के जन्म एवं उनके बाल लीलाओं का वर्णन किया ।पडियार ने धर्म के ध्वज किस प्रकार आगे बढ़े और मानव किस प्रकार धर्म के मार्ग पर चले उसका महत्व बताया । कथा वाचक पप्पू जी पडियार ने भगवान के बहुत शु मधुर भजन सुनाए, जिसमें भक्तों को सबसे ज्यादा पसंद आने वाला भजन चाले एक नंबर पर म्हारो कारोबार रे म्हारी लाज रखो सांवरिया सरकार रे, भजन करले जवानी में बुढ़ापे किसने देखोगे है, आदि जैसे शानदार भजन सुनाएं।

कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता एवं बहाने एवं वरिष्ठ जन उपस्थित रहे। कथा का आयोजन देव श्री राम मंदिर कोठरी के सहयोग से हुआ , कथा वाचक पप्पू पाड़िया का साफा बनाकर सम्मान किया गया एवं सुनाने आए पड़यिारो का तिलक लगाकर भगवा दुपट्टा पहना कर सम्मानित किया गया। प्रभु की धर्म ध्वजा फहराने के लिए धर्म के प्रति जागृत होने के लिए देवनारायण की कृपा नगर वासियों पर बनी रहे, किस प्रकार का कोई संकट ना आए। आयोजित हुए कार्यक्रम के अंत में प्राचीनश्री राम मंदिर समिति कोठरी के सदस्यों द्वारा कथा सुनाने आए भक्त जनों का आभार व्यक्त किया।समिति के द्वारा सभी कलाकारों का सम्मान तिलक लगाकर किया गया।

# शासकीय कन्या माध्यमिक शाला की शिक्षिका के सेवानिवृत्ति पर दी विदाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोठरी

शासकीय कन्या माध्यमिक शाला कोठरी में पदस्थ साधना सक्सेना सहायक शिक्षिका की सेवा निवृत्ति पर सक्सेना परिवार द्वारा स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा, माल्यार्पण पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह मालवीय, प्राचार्य तिर्की मैडम, प्रधान अध्यापक सुनील कुमार भार्गव द्वारा किया गया। छात्रों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राधेश्याम कासन्या, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रुपेश पटेल, पार्षद प्रतिनिधि मुकेश वर्मा, प्राचार्य, व्याख्याता डीआर कासन्या, बीएसी मनोज विश्वकर्मा, रमेश जैन, भारती राठौर, प्रकाश मूंदडा, महेश सिंह ठाकुर, जीवन वेद, सीताराम वर्मा, मनोहर श्रीवास्तव, कैलाश नारायण राठौर, पत्रकार केपी वर्मा सहित अनेक शिक्षकों ने श्रीमती सक्सेना के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला सेवानिवृत्ति पश्चात समाज सेवा राष्ट्रसेवा करने का आवाहन किया। साधना सक्सेना को शाल, श्रीफल व अभिनंदन पत्र भेट किया गया। प्रधानाध्यापक सुनील कुमार भार्गव ने उपस्थित समस्त जनों का आभार व्यक्त किया। संचालन दिनेश वर्मा द्वारा किया गया।